तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025



13 स्वयंसेवक देश के लिए समर्पित सैनिक की...



14 मैनपुर में हाथियों का आतंक, दहशत में ग्रामीण







**आवश्यकता है**

कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये

- सेल्समेन-सेल्सगर्ल
- कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
- लेडिस स्टॉफ

आकर्षक वेतन दिया जाएगा

**काका होजियरी**

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

फोन : 9893744470


# रजनकटा का सरगी नाला पुलिया जर्जर, राहगीरों और बच्चों पर मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

जिला गरियाबंद के छुरा विकास खंड अंतर्गत ग्राम रजनकटा के सरगी नाला में बनी पुलिया बड़े लंबे समय से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत बनते जा रही है कई बार हो गया पुलिया में दरार के साथ बड़ी होल बन जाती है जिसमें कभी भी दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है। अधिकारीयों से बात करने पर थोड़ा मरम्मत करवाकर छोड़ दिया जाता है। बरसात के दिनों मे पुल के ऊपर पानी चलने से गड्ढा दिखाई नहीं पड़ता और बड़ी घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। बरसात के दिनों में भी बाढ़ आ जाने से गांव वालों एवं स्कूली बच्चों शिक्षक शिक्षिकाओं को बड़ी समस्याओ का सामना करना पड़ता है। आपको बता दें कि रोज छोटे- छोटे बच्चों को स्कूल आने -जाने के लिए इसी रास्ता से होकर गुजरना पड़ता है, इसी रास्ता से दर्शणार्थी मां जतमई, घटारानी दर्शन के आते जाते है। आम जनता के साथ मवेशियों का झुंड सुबह शाम गुजरती है कभी भी बड़ी घटना घटने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## लोगों ने की बड़े पुल निर्माण की मांग



### अब तक पुल का निर्माण नहीं

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई गई इस पुलिया को कई वर्ष हो चुके है आज पर्यंत मरम्मत नहीं होने से पुलिया जर्जर हो गई है। रोज हजारों दर्शनर्थियों एवं राहगीरों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्कूली बच्चों की आवाजाही एवं ग्राम कई समस्या देखते हुए ग्रामीणों ने कई वर्षों से यहां पर बड़ी पुल निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन आज पर्यंत तक बड़ी पुल का निर्माण नहीं हो सका। पुलिया की स्थिति देखकर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गोविंद तिवारी ने विभाग के अधिकारियों से बात किया विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने कहा है कि लोक निर्माण विभाग के सेतु विभाग द्वारा पुलिया जल्द बनाया जाएगा और हम लोग भी कुछ सुधार जल्द ही करने की बात कही गई है।

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरने से वृद्ध कमार महिला की मौत

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से 03 किमी दूर भाठीगढ़ कमारपारा में निवास करने वाली एक वृद्ध कमार महिला की लाश आज सुबह कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार भक्तिनबाई कमार उम्र लगभग 90 वर्ष अपने परिवार वालो के साथ रहती थी और जंगल से कंदमूल लाकर मैनपुर में बेचकर जीविका उपार्जन करती थी। इस वृद्ध महिला की शव कुएं में तैरते मिला पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जॉच कर रही है और मृतिका का पोस्टमार्डम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि वृद्ध महिला कुएं से पानी निकालते समय गिरने से और कुएं में डुबने से मौत हो गई।

### आवारा कुत्ते ने साइकिल में जा रहे बच्चे को काटा

**मैनपुर।** मैनपुर नगर के शिक्षक कॉलोनी में आज सुबह 11 बजे हड़कंप मच गई जब साइकिल से स्कूल जा रहे एक बच्चे को कुत्ते ने उछलकर काट दिया कुत्ते के काटने से स्कूली छात्र घायल हो गए जिसे तत्काल उपचार के लिए ले जाया गया। मैनपुर नगर के लोग आवारा कुत्तों के आतंक से बेहद परेशान और भयभीत है।

### घरों की सफाई के लिए नहीं मिल रहे मजदूर

**मैनपुर।** दीपावली पर्व को लेकर लोगो अपने की साफ सफाई के साथ रंग रोंगन कार्य में लग गये है बाजार में डिस्टेंपर 180 रूपये से लेकर 500 रूपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं दीपावली त्यौहार के कारण एक साथ घरों की साफ-सफाई होने के कारण मजदूर नहीं मिल पा रहे है। 300 रुपए में भी मजदूर नहीं मिल रहे है घर की साफ सफाई के साथ दुकानों की साफ-सफाई एवं साजसज्जा किया जा रहा है।

### युवक से मारपीट के मामले में दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अपने मामा के घर ग्राम साल्हेभांठा गए एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को मनोज कुमार तांडी पिता रामलाल तांडी (26 वर्ष) ग्राम सिवनीखुर्द ने बताया कि रिश्ते में मामा मोहन लाल पिता बलदेव गाडा ग्राम साल्हेभांठा में रहते हैं। जहां वह 11 अक्टूबर को गया था।

**विडंबना :** शिक्षकों ने सहयोग राशि एकत्र कर भोजन की व्यवस्था की

# सांसद खेल महोत्सव में अव्यवस्था, फंड की कमी से प्रतिभागी बच्चे पानी-भोजन को तरसे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किमी दूर भाठीगढ़ स्थित मिनी पैरी स्टेडियम में आज मंगलवार से शुरू हुए ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025–26 के आयोजन में घोर अव्यवस्था सामने आई है। लगभग 100 किमी दूर से आए सैकड़ों प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पीने के लिए पानी तक नसीब नहीं हो पाया। भोजन की व्यवस्था के लिए भी संकुल समन्वयकों और शिक्षकों को आपस में चंदा एकत्र करना पड़ा। सांसद खेल महोत्सव (14 से 16 अक्टूबर तक) के सफल आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) मैनपुर, डॉ. तुलसीदास मरकाम ने हाल ही में एक बैठक में सभी विभागों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी थीं, लेकिन प्रतियोगिता के पहले ही दिन कई विभागों ने अपनी जिम्मेदारियों से हाथ खींच लिया। भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी खाद्य विभाग को दी गई थी, लेकिन उन्होंने ऐन मौके पर चावल देने से इनकार कर दिया। बच्चों के लिए दो पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी पीएचई विभाग को दी गई थी, लेकिन विभाग ने पानी तक की व्यवस्था नहीं की। जिसके कारण ▶▶| शेष पेज 12 पर

### फंड की कमी बनी बड़ी समस्या

इस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मैनपुर विकासखंड के भाठीगढ़, गिरहोला, गोपालपुर, शोभा, उदंती, अमलीपदर, मुड़ागांव, गोहरापदर सहित लगभग 35 से अधिक दूरस्थ गाँवों से सैकड़ों छात्र-छात्राएँ पहुँचे हैं। बच्चों में उत्साह था, लेकिन सांसद खेल महोत्सव में फंड की कमी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। शिक्षकों और आयोजकों का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बजट बढ़ाए जाने के बावजूद, मैनपुर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कोई भी बजट उपलब्ध नहीं कराया गया है। धन की कमी के कारण इस आयोजन को सफल बनाना एक बड़ी चुनौती बन गया है।

# मोबाइल दुकान में सेंध लगाकर 10 लाख की चोरी





**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर मुख्य चौराहे पर स्थित राजपूत इंटरप्राइजेस मोबाइल दुकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर और दीवार में सेंध लगाकर करीब 75 मोबाइल फोन चोरी कर लिए। चोरी गए मोबाइल की कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई जा रही है। चोरों ने वारदात को इतनी चालाकी से अंजाम दिया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए। इससे साफ है कि चोरी पहले से योजनाबद्ध थी। यह घटना अमलीपदर थाना क्षेत्र की है और पिछले पांच साल में दूसरी बार इस दुकान में चोरी की घटना हुई है। घटना की जानकारी लगते ही अमलीपदर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रें के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के निर्देश दिए हैं और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने की बात कही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यह घटना सभी के लिए सबक है कि केवल ताले और दीवारें सुरक्षा की गारंटी नहीं होतीं। अब समय आ गया है कि दुकानदार अपनी सुरक्षा के लिए तकनीकी उपाय जैसे अलार्म सिस्टम, रियल–टाइम सीसीटीवी मॉनिटरिंग और रात की चौकीदारी जैसी व्यवस्थाएँ अपनाएं।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर ने मंगलवार को जनदर्शन में 68 लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम धवलपुर के भोजन नेताम ने शौचालय निर्माण, ग्राम कुकदा के शाला प्रबंधन समिति द्वारा जर्जर भूमि का डिसमेन्टल एवं शिक्षक व्यवस्था कराने, जरगांव के ग्रामवासियों द्वारा नवीन मतदान केन्द्र खोलने, ग्राम रवेली की योगिता ध्रुव ने पीएम आवास निर्माण में अनिमितता के संबंध में जांच कराने की मांग की। इसी तरह ग्राम पण्डरीपानी के सेवाराम ने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, ग्राम सरगोड़ के मुलचंद सिन्हा ने कृषि भूमि जाने मार्ग पर अवैध कब्जा हटाने, ग्राम पंचायत दबनई के किसान मिलन सिंह ने फसलों को हाथियों द्वारा नुकसान ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ जनदर्शन में मिले 68 आवेदन



### 50 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**छुईहा बेलर।** गरियाबंद पुलिस के निर्देश पर फिंगेश्वर थाना द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान “नया सवेरा” के अंतर्गत अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर बड़ी कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी फिंगेश्वर गौतम धावड़े ने यह अभियान चलाया था। थाना प्रभारी फिंगेश्वर गौतम धावड़े ने विवेचक एस.आई. चिंता राम देशमुख के नेतृत्व में टीम बनाकर ग्राम जमाही क्षेत्र में मुखबिर और पेट्रोलिंग को सक्रिय किया था। 10 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जमाही निवासी अमृत कमार अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध बिक्री के लिए बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब रखे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी अमृत कमार को धर दबोचा। आरोपी के घर और बाड़ी की तलाशी लेने पर, ▶▶| शेष पेज 12 पर






**शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

# 35 संकुल समन्वयकों ने किया काम बंद, 24 प्रकार के कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

### जिला कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन

27 सितम्बर 2025 को 35 संकुल समन्वयकों ने जिला कलेक्टर, गरियाबंद को सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा था। इसमें हरीश कुमार देवांगन की नियम विरुद्ध नियुक्ति, राशि लेनदेन के आरोप, तथा राजनीतिक दबाव दिखाए जाने की शिकायत की गई थी। समन्वयकों ने चेतावनी दी थी कि यदि तीन दिवस के भीतर कार्यवाही नहीं की गई, तो वे 13 अक्टूबर से काम बंद कलम बंद आंदोलन पर उतरेंगे। प्रशासन द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने के बाद अब सभी संकुल समन्वयकों ने कार्य रोक दिया है।

जिले में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए गौरव गरियाबंद जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती गुणवत्ता अभियान भी संचालित है। लेकिन दूसरी ओर शिक्षा विभाग के भीतर अधिकारियों की मनमानी और नियमविरुद्ध कार्य प्रणाली से विभाग की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। विकासखंड के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन पर मनमानी, दबावपूर्ण रवैया और अनुशासनहीनता के आरोप लगने के बाद ब्लॉक के 35 संकुल समन्वयकों ने सामूहिक रूप से कार्य बहिष्कार (काम बंद आंदोलन) शुरू कर दिया है। संकुल समन्वयकों ने बताया कि हरीश देवांगन द्वारा लगातार मनमानी करते हुए समन्वयकों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। कई बार शिकायत पत्र एवं ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपे जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।समन्वयकों ने आरोप लगाया कि देवांगन राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करते हुए कहते हैं – “मेरी पहुंच ऊपर तक है”, जिससे वे किसी भी तरह का भय नहीं मानते। इस रवैये के कारण सभी समन्वयक असहज महसूस कर रहे हैं और शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

**24 प्रकार के कार्य ठप-शिक्षा व्यवस्था पर असर-** काम बंद आंदोलन के चलते विकासखंड छुरा के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में विभागीय कार्य लगभग ठप हो गए हैं। नीचे वे प्रमुख 24 कार्य हैं जो फिलहाल प्रभावित हो रहे हैं एम पोषण (मिड डे मील), एंट्रीगौरव गरियाबंद कार्यक्रमरा, ष्ट्रीय साधन-सह-प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएसई , नेल्लानार एलडब्लूई पोर्टल अपडेट, UDISE+ डाटा एंट्री, सुघ्घर पढ़वइया वेब पोर्टल)निः, शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निःशुल्क गणवेश वितरण, छत्तीसगढ़ छात्रवृत्ति पोर्टल, जाति, निवास प्रमाणपत्र ऑनलाइन प्रक्रिया, छात्र उपस्थिति एंट्री“, एक पेड़ माँ के नाम” एंट्री, स्वच्छ विद्यालय एवं हरित विद्यालय अभियान, सरस्वती साइकिल योजना, बैंक खाता अद्यतन कार्य, निष्ठा ऐप प्रशिक्षण कार्य, प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया, ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### मुरमुरा, देवरी में विभिन्न निर्माण कार्य के लिए 7 लाख स्वीकृत

गरियाबंद। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना (विधायक निधि) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विकासखण्ड छुरा में कांक्रीटीकरण/चबूतरा निर्माण/ सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए 7 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी बीएस उइके ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। यह स्वीकृति राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की अनुशंसा पर दी गई है। प्राप्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर ग्राम पंचायत मुरमुरा में कांक्रीटीकरण कार्य झरझरा के लिए 2 लाख रुपए तथा ग्राम पंचायत देवरी में चबूतरा निर्माण/ कांक्रीटीकरण/ सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 5 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इन कार्यों का क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरा द्वारा किया जाएगा।

## निधन

### सावित्री मानिकपुरी



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी निवासी सावित्री मानिकपुरी उम्र 90 वर्ष का निधन हो गया। अंतिम संस्कार में समाज एवं गांव के लोग शामिल हुए।

# किसान संगोष्ठी में विधायक ने किसानों का शाल और श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर



ग्रामीण सेवा सहकारी संस्था अभनपुर मे किसान संगोष्ठी कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,जनपद अध्यक्ष चंनद्रिका जितेन्द्र बंजारे,नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,सहकार भारती संघ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत द्विवेदी,प्राधिकृत अधिकारी प्रदीप शर्मा आदि अतिथियो की उपस्थिती मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर किसानो को श्रीफल शॉल देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि यह किसान संगोष्ठी के माध्यम से सभी कृषको को सोसायटी द्वारा संचालित सभी गतिविधियो की जानकारी प्राप्त होती है एवं खरीदी ब्रिकी की पूरी जानकारी सहित सोसायटी को खाद,दवाई व राशन वितरण से कितना प्राफिट होती है यह किसानो को खुलेतौर पर जानकारी दी जाती है यह संगोष्ठी कार्यक्रम मे महिलाओ की बड़ी संख्या मे उपस्थिती अच्छा संकेत है,महिलाये खेती बाड़ी के साथ ही आगे बढक़र संगोष्ठी मे शामिल हो रही है छत्तीसगढ़ की साय सरकार किसानो की आर्थिक स्थिती सुधारने के लिए भूमिहीन किसानो को 10 हजार रूपये तथा मोदी सरकार किसान सम्मान निधि 6 हजार रूपये साथ ही सरकार द्वारा 21 क्विंटल धान 3100 रूपये की दर से खरीद रही है इससे किसान भाईयो मे आर्थिक संपन्नता आई है किसानो को मूल लागत से 35-40 हजार रूपये प्रति एकड़ इनकम हो रही है,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि जबतक गांव का रहने वाला किसान संपन्न नही होगा तब तक विकसित भारत का सपना सच नही हो सकता है।

## बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त, चार दांत टूटे

**मैनपुर।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में सड़क किनारे साइड सोल्डर बारिश के पानी में बह जाने से बड़े-बड़े गड्ढे हो गया है और छोटे वाहन चालक साइड देने के लिए जैसे ही वाहन को नीचे उतारता हैं आए दिनों दुर्घटना हो रही है। आज सुबह कालाहंडी निवासी भागों मांझी मोटर साइकिल से देवभोग की तरफ जा रहा था कि सामने से तेज रफ्तार ट्रक आने के कारण साइड देने के लिए जैसे ही मोटर साइकिल को सड़क किनारे उतारा साइड सोल्डर में गड्ढे होने के कारण मोटर साइकिल के सामने चक्का चिपट गया और मुंह के बल जमीन पर गिरने से उसके चार दांत टूट गए और लहू लुहान हो गया जिसे राहगीरों ने नीजी वाहन किराए कर उनके इलाज के लिए ओड़िशा घर भेजा है।

## पेज 11 के शेष...

### सांसद खेल महोत्सव...

शिक्षकों को पानी के पाउच मँगाकर बच्चों की प्यास बुझानी पड़ी। **एसडीएम और शिक्षकों ने उठाई जिम्मेदारी**- विभागों के हाथ खड़े करने के बाद, मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल और संकुल समन्वयकों व शिक्षकों ने आगे आकर मोर्चा संभाला। उन्होंने अपनी ओर से सहयोग राशि एकत्र कर सैकड़ों बच्चों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था की। मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने स्वीकार किया कि /"सांसद खेल महोत्सव के लिए बैठक में जिम्मेदारी दी गई थी, कुछ विभागों द्वारा खेल आयोजन के दिन हाथ खड़े कर दिए। लेकिन हम सभी मिलकर आयोजन को सफल संचालन कर रहे हैं और बच्चों को खाना उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय है कि पहली बार आयोजित इतने बड़े खेल आयोजन के लिए शासन द्वारा कोई फंड क्यों नहीं भेजा गया।

### कलेक्टर ने ...

पहुंचाए जाने पर मुआवजा राशि प्रदाय करने सहित कुंआ एवं सौर पैनल लगाने के संबंध में आवेदन सौंपा। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आवेदकों ने बन्दोबस्त त्रुटि, भूमि अधिग्रहण, बकरी पालन हेतु ऋण, अधिक बिजली बिल की शिकायत, राशन कार्ड स्थानांतरण, पीएम आवास की द्वितीय किस्त जारी करने, बिजली चोरी की शिकायत सहित कुल 68 आवेदन प्रस्तुत किए है। इस पर कलेक्टर श्री उइके ने विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चन्द्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत, पंकज डाहिरे सहित जिला प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

### 50 लीटर महुआ

उसकी बाड़ी से सफेद रंग के जरकीन में 50 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। **आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल**- पुलिस ने आरोपी अमृत कमार पिता धनेश कमार (उम्र 40 वर्ष), साकिन जमाही, थाना फिंगेश्वर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध क्रमांक 294/25, धारा 34(2) छग आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से निर्देश मिलने के बाद उसे जेल दाखिल कर दिया गया। **त्योहार के कारण बढ़ सकता है अवैध निर्माण**- पुलिस की कार्रवाई के बावजूद, क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण जोरों पर चलने की आशंका है। दीपावली त्यौहार बेहद करीब है, इस दौरान शराब की खपत अत्यधिक मात्रा में होती है। अवैध शराब बेचने वाले कोचिये इस लिहाज से बड़ी मात्रा में शराब का निर्माण और संग्रहण करने में व्यस्त हैं। अगर पुलिस समय रहते छापा मार कार्रवाई करती है, तो क्षेत्र में अवैध शराब के बड़े जखीरे पकड़े जा सकते हैं।

### 35 संकुल...

छात्र स्वास्थ्य परीक्षण, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया, अपार आईडी निर्माण, इंस्पायर अवार्ड योजना, नवा जतन योजना, मुस्कान पुस्तकालय वितरण **शिक्षा विभाग में असंतोष, प्रशासन मौन**- संकुल समन्वयकों का कहना है कि जब तक बीआरसीसी हरीश देवांगन को हटाया नहीं जाता, तब तक वे कार्य पर नहीं लौटेंगे। वहीं जिला प्रशासन की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं आखिर ऐसे अधिकारी को संरक्षण कौन दे रहा है? इस आंदोलन से शिक्षा विभाग के सभी प्रमुख शैक्षिक और प्रशासनिक कार्य ठप हो चुके हैं, जिसका सीधा असर छात्रों और विद्यालयों पर पड़ रहा है।

### -: आम सूचना :-

सर्व साधारण के लिये एतद् पश्चात सुचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम चंपारण / चांपाझर, प.ह.न. 34, तह. गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग. स्थित, खसरा नं 1583, 2920, 2935, 2961, 2975, 2976, 2977,1329 ,320, 1584,1669, 3010, 3027, 3028, 3032, 3035, 3037, रकबा 0.060, 3.160, 0.080, 0.070, 0.090, 0.100, 0.160, 0.190, 0.230, 0.090, 0.020, 0.680, 0.400, 0.270, 0.330, 0.120, 0.200, हे., ग्राम डगनिया ख.न. 402, 606 रकबा क्रमशः 0.560, 0.420 हे. तथा ग्राम पक्तिया प.ह.न. 14, रा.नि.म. खडमा तह. छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. की कृषि भूमि खसरा नं. 505, 669, 746, 749, 582, 507, रकबा क्रमशः 3.620, 0.440, 0.110, 0.990, 0.090, 0.140 हे. का स्वत्व / स्वामित्व एवं आधिपत्य, श्री मोहन लाल कल्ला, आत्मज स्व. नरायण प्रसाद कल्ला निवासी ग्राम चंपारण जिला रायपुर, और गिरीराज कल्ला पिता स्व. नारायण प्रसाद कल्ला निवासी चंपारण, गंगा बाई कल्ला पति स्व. दाउ लाल कल्ला निवासी ग्राम दर्री, तह. कटघोरा, जिला कोरबा एंव अन्य के मध्य में विवादित है। उपरोक्त कृषि भूमि के संबध में वर्तमान में मोहनलाल कल्ला वगै विरूद्ध गिरिराज कल्ला वगै. व्य. प्र. क्र. 227/अ/2025 व्य. न्यायालय रायपुर, श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ पीठासीन अधिकारी श्री गुरुप्रसाद देवांगन रायपुर छ.ग. के समक्ष विभाजन, आधिपत्य प्राप्ति, विक्रय विलेख को शुन्य घोषित करने हेतु प्रकरण संस्थत एंव विचाराधीन हैं, यदि किसी व्यक्ति / अभिकर्ता / संस्था द्वारा विवादित तथ्य को छिपाकर उपरोक्त विवादित भूमि का विक्रय करने का प्रयास किया जाता है, या विक्रयपत्र विलेख निष्पादित किया जाता है, तो वह विधिक रूप में शुन्य एंव अवैध माना जावेगा। अतः इस सूचना द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति/संस्था उपरोक्त वादग्रस्त कृषिभूमि को क्रय करने या क्रय करने का अनुबंध करने, अंतरण कर हंस्तारण करने संबधित किसी भी प्रकार का संव्यवहार नही करें। इस प्रकार के संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा एवं नही कोई विधिक उत्तरदायित्व नहीं होगा। यदि किसी व्यक्ति / अभिकर्ता / संस्था द्वारा उपरोक्त विवादित भूमि का क्रय कर, अंतरण हस्तांतरण करता है तो उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा क्रेता को उपरोक्त विवादित भूमि का विधिक स्वत्व/स्वामित्व एंव आधिपत्य की प्राप्ति का हकदार नही होगा।

दिनांक- 13/10/2025 **जे. के शर्मा**
**अधिवक्ता रायपुर, कार्यालय विन्ध्यवासिनी नगर अभनपुर जिला -रायपुर छ.ग**


## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



### विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे कि: सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ). विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॅालेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025- 26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है । इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी - अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी-डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन , जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
**बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)**
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
**84353 86927, 98271 28346**
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur










प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें

# स्वयंसेवक देश के लिए समर्पित, सैनिक की तरह कार्य करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फिंगेश्वर खंड के मंडल श्यामनगर द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव के अवसर पर ग्राम में पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन शीतला मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बिसेलाल पारा, आवास पारा, बस्तीपारा, स्कूल पारा, डिपरा पारा एवं सड़क पारा से होते हुए पुनः शीतला मंदिर परिसर में एकत्रित हुआ। तत्पश्चात सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक कृषलाल साहू एवं सह वक्ता राघवेंद्र यदु ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आभार जिला संघचालक प्रेमलाल साहू ने किया। मुख्य वक्ता गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। स्वयंसेवक समाज में सेवा, अनुशासन और एकता का संदेश लेकर चलते हैं। शताब्दी वर्ष हमारे लिए गर्व और संकल्प का अवसर है, जब हमें आत्मनिर्भर और संस्कारित भारत के निर्माण का प्रण लेना चाहिए। मुख्य अतिथि कृषलाल साहू ने कहा कि संघ ने समाज में संगठन, समर्पण और सेवा की संस्कृति स्थापित की है। आज ग्राम स्तर तक संघ के कार्य से सामाजिक समरसता और राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत हुई है। सह वक्ता

स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



राघवेंद्र यदु ने कहा कि संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक देश के लिए समर्पित सैनिक की तरह कार्य करता है। शाखाओं के माध्यम से युवाओं में अनुशासन और चरित्र निर्माण की भावना विकसित की जा रही है। पथ संचलन के दौरान ग्रामवासियों ने सभी पारा-मोहल्लों में फूलवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक गणवेश में अनुशासित पंक्ति में शामिल हुए।



इस अवसर पर चंद्रशेखर साहू, रूपनारायण साहू, अजय साहू, कोमल साहू, डिगेश्वर वर्मा, कमलेश यादव, अनिल, सुनील, डायमंड, दीपक साहू, मनीष साहू, विपिन साहू, बोधन यदु, सुकालू तारक, साकेत साहू, श्यामसुंदर साहू, योगेंद्र वर्मा, हेमंत वर्मा सहित दुर्गा वाहिनी राष्ट्र सेविका समिति की बहनों तथा क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रदेश में किसान परेशान, सरकार उत्सव में मस्त : अभिषेक मिश्रा

**छुरा।** प्रदेश के किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कभी खाद, कभी बिजली, तो अब धान पंजीयन की समस्या किसानों को बेहाल कर रही है। स्थानीय विश्राम गृह मे छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने प्रदेश सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आज प्रदेश का अन्नदाता संकट में है, लेकिन सरकार को किसानों की चिंता नहीं, वह उत्सव मनाने में मस्त है। उन्होंने कहा कि



जो सरकार किसानों के नाम पर सत्ता में आई, आज वही सरकार किसानों की पीड़ा से बेखबर बनी हुई है। किसानों का पंजीयन एग्री स्टेक पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण अधूरा रह गया है, जिससे लगभग 65% किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने जैसे अपने अधिकार से वंचित हो रहे हैं।अभिषेक मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में किसान कांग्रेस द्वारा 7 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक राज्यभर में आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान सभी जिलों में किसान कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक स्तरीय प्रतिनिधि एवं आम किसान मिलकर धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक सभी किसानों का पंजीयन पूरा नहीं हो जाता, तब तक धान खरीदी के लिए पंजीयन की प्रक्रिया जारी रखी जानी चाहिए, ताकि कोई भी किसान अपने मेहनत की उपज बेचने से वंचित न हो। अभिषेक मिश्रा ने बताया कि आंदोलन के दौरान जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालयों में ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें यह प्रमुख मांग रखी जाएगी कि 1. एग्री स्टेक पोर्टल की तकनीकी खामियों को तत्काल दूर किया जाए। 2. खामियां दूर होने तक पिछले वर्ष के पंजीयन को ही धान खरीदी हेतु मान्य माना जाए। 3. किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का पूरा अधिकार मिले, इसमें कोई बाधा न हो।उन्होंने कहा कि किसान कांग्रेस का यह आंदोलन केवल किसानों के अधिकार की लड़ाई नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्नदाता के सम्मान की रक्षा का अभियान है। अगर सरकार ने समय रहते किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया, तो प्रदेशभर में व्यापक जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा। अभिषेक मिश्रा ने अंत में कहा कि किसान आज भी खेतों में पसीना बहाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बना रहे हैं, लेकिन सरकार की बेरुखी ने किसानों को आक्रोशित कर दिया है। यह आंदोलन किसानों की आवाज को शासन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।







प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 42 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**फिंगेश्वर।** अखिल भारतीय गायत्री शक्तिपीठ शांतिपूर्ण हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025–26 का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के नवमी से बारहवीं के 42 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि पूरे विश्व में भारत अपनी संस्कृति और परंपरा के लिए विख्यात है। भारत देश विभिन्न संस्कृति एवं परंपरा की भूमि है। हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार एवं संस्कृति को भी नहीं भूलना चाहिए। जीवन में पुस्तकीय ज्ञान के अलावा नैतिक शिक्षा भी बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे व्यक्तित्व विकास, संस्कृति, संस्कार एवं चरित्र निर्माण पर बल देते हुए कहा कि मनुष्य को सकारात्मक सोच रखते हुए कार्य करना चाहिए तो निश्चित सफलता मिलती है। इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी रेखा सोनी, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन साहू भृत्य, आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




**पर्व :** आज पुष्य नक्षत्र का महायोग, 18 को धनतेरस, 20 को लक्ष्मी पूजा

# बाजार में पसरा सन्नाटा, धनतेरस-दीपावली में 3 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आज से 3 दिन बाद 18 अक्टूबर को हिंदुओं का सबसे बड़ा पर्वधनतेरस है और उसके दो दिन बाद 20 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा-दीपावली है। कुल पांच दिन का समय शेष रह गया है। बावजूद मार्केट में जिस तरह से उछाल आना चाहिए वह नजर नहीं आ रहा है। अलबत्ता शहर के चुनिंदा ज्वेलरी शॉप में थोड़ा बहुत भीड़ दिखने लगी है। कपड़ा, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप में बिल्कुल भीड़ नहीं है। यही हाल ऑटो मोबाईल्स का है। ढेर सारे ऑटो मोबाईल्स की दुकानें सज चुकी है। गाड़ियां शो-रूम से नीचे उतरकर सड़क तक फैली हुई है पर ग्राहक का अभाव देखा जा रहा है। हालांकि इस शहर की खासियत है कि जब दीपावली का पर्व आता है तो सप्ताह भर पहले तक मार्केट में सूनापन रहता है। ज्यों-ज्यों तारीख नजदीक आती हैत्यों-त्यों भीड़ बढ़ने लगती है। धनतेरस से लेकर दीपावली तक नवापारा एवं राजिम के बाजार में पैर रखने को जगह नहीं रहता। हर कोई दीपावली के पर्व को बहुत ही उमंग और उत्साह के साथ मनाने की तैयारी में रहते है। आज की तारीख में हर कोई अपने घर, आंगन, दुकान को साफ-सफाई, लिपाई-पोताई पेंट कराने में लगे हुए हैं। किसान इसी के साथ फसल काटने की जुगत में है। नवापारा मार्केट में जब तक किसान और गांव वाले की धमक नहीं होती है तब तक मार्केट बेरौनक रहता है। शहर के सभी व्यापारियों को उम्मीद हैकि दो-तीन दिन के भीतर मार्केट गुलजार हो जाएगा।

**दो-तीन दिनों के भीतर बाजार में ग्राहकों की रहेगी चहल-पहल-** आसपास के सैकड़ों गांव के लोगों के लिए नवापारा-राजिम का मार्केट काफी मशहुर है। दीपावली में खरीदी करने यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। भीड़ मेले के माफिक नजर आती है। कमोवेश हर सोने-चांदी के दुकान, कपड़ा दुकान, इलेक्ट्रानिक, फर्नीचर, बर्तन, फैन्सी दुकान भीड़ से आबाद रहता है। इस बार तो यहां के व्यवसायी, ज्वेलरी शॉप वाले एक से बढ़कर एक नई-नई डिजाईनों के फैन्सी आईटम भरपूर स्टॉक में लाकर रखे हुए हैं। व्यापारी रेड कार्पेट बिछाकर ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। मगर नवापारा और राजिम दोनों शहर के बाजार में अभी रौनक नहीं दिख रहा है। नवापारा और राजिम शहर के कुछेक व्यवसायियों से पर्व की तैयारियों के संबंध में चर्चा करने पर उनका कहना है कि बाजार में अभी ग्राहकों की कमी होने से मार्केट एकदम ठण्डा है परंतु उम्मीद है कि दो-तीन दिनों के भीतर बाजार में ग्राहकों की चहल-पहल बढ़ जाएगी।चुनिंदा सराफा व्यवसायियों का कहना है कि बाजार अभी ठंडा है। सराफा बाजार स्थिर है, ग्राहकों की कमी है। उम्मीद है कि दो-चार दिनों में सराफा बाजार की रौनक लौट आएगी। कुछेक गांव के किसान प्रारंभिक रूप में धान कटाई में लगे हैं, तो गांव के आधे से ज्यादा लोग दीपावली सफाई करने घर में जुटे हुए हैं। दो-चार दिनों में बाजार उठेगा। व्यापार में किसानों का अहम योगदान होता है। किसानों के ऊपर ही नवापारा-राजिम का व्यवसाय पूरी तरह से टिका हुआ है।

**रंग-रोगन, साफ-सफाई का काम जारी-** कुछ दिन ही बचे दीपोत्सव पर्व पर मां लक्ष्मी के आगमन को लेकर सभी घरों में तैयारियां शुरू हो चुकी है।घर-घर में साफ-सफाई, रंग-रोगन, लिपाई-पोताई का काम चल रहा है।ईधर कुम्हारों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये, कलश, मां लक्ष्मी की मूर्ति व अन्य मिट्टी से बनी वस्तुओं का बाजार सजकर तैयार हो चुका है। फटाके का बाजार अगले कुछ ही दिनों में राजिम शहर के मेला मैदान और नवापारा के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में सज जाएगा। फटाका व्यवसायी इसकी तैयारी में लगे हुए हैं। पर्व को लेकर बाकी सभी तरह के व्यापारी परिश्रम कर अपनी दुकानों की साज-सज्जा कर रहे हैं। अब इस परिश्रम का फल उन्हें तब मिलेगा जब धनतेरस और दीवाली में उनके पास ज्यादा से ज्यादा ग्राहक पहुंचेंगे।



### खरीददारी का अत्यंत शुभ मुहुर्त

आज 15 अक्टूबर को शुभ पुष्य नक्षत्र है। सोम पुष्य नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि का योग है। पंडितों के द्वारा बताया जा रहा है कि पुष्य नक्षत्र में गाड़ी, मकान, दुकान, सोना, बर्तन और दीगर चीजों की खरीददारी बहुत ही शुभ होगी।वैसे भी दीपावली के पहले पुष्य नक्षत्र में की गईखरीददारी अक्षय फल देने वाली रहती है।पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि है जो लंबे समय तक रहने वाला ग्रह है। इसलिए इस नक्षत्र में की गईखरीदी लंबे समय तक साथ रहता है। 18 को धनतेरस है। धनतेरस पर सर्वार्थ सिद्धि का योग है। इसलिए अधिकतर लोग इस दिन खरीदी करने घर से निकल पड़ते हैं। 20 को महालक्ष्मी दीपावली का पर्वहै। हर कोईमां लक्ष्मी को मनाने के लिए बहुत ही उत्साह और धूमधाम के साथ पूजा करते हैं। पुष्य नक्षत्र से धनतेरस तक इस बार धन बरसेगा।सोना-चांदी, बर्तन, कपड़े, जेवर, भूमि-भवन, वाहन आदि खरीदने के लिए शुभ योग है। शंकर ज्वेलर्स के संचालक शिव कुमार कंसारी, शशांक कंसारी ने बताया कि उनके ज्वेलरी शॉप में आधुनिकतम नई डिजाईनों के आकर्षक ज्वेलरी विभिन्न वैरायटियों में उपलब्ध है। गुरूदेव ज्वेलर्स के संचालक प्रफुल्ल बोथरा व जय सत्यदेव ज्वेलर्स के संचालक कमलेश कंसारी ने बताया कि पुष्य नक्षत्र और धनतेरस के लिए नए डिजाईनों के आकर्षक जेवर हाजिर स्टॉक में उपलब्ध है।


# मैनपुर में हाथियों का आतंक, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में इन दिनों जंगली हाथियों के आतंक से लोग बेहद परेशान हैं। मैनपुर के नजदीक हाथियों के दल ने डेरा डाल दिया है, जिसके कारण किसान, ग्रामीण और क्षेत्र के लोग काफी भयभीत और दहशत में जीने को मजबूर हैं। हाथियों का दल दबनई, छिन्दौला, लुठापारा, रामपारा, धोबीपारा, सिंहार, चलकीपारा, चिहरापारा, जिड़ार, जाड़ापदर, गिरहोला, देहारगुड़ा, छुईहा, गोपालपुर, कोदोभाठ, साल्हेभाठ, भाठीगढ़, गोबरा, राजापड़ाव, गौरगांव और तौरेंगा जैसे क्षेत्रों में लगातार विचरण कर रहा है। हाथियों ने अब तक सैकड़ों एकड़ धान और मक्के की फसल को पूरी तरह चौपट कर दिया है। इसके अलावा, हाल ही में हाथियों के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।

- **फसलें चौपट, ग्रामीण की मौत के बाद 16 को वन विभाग कार्यालय का घेराव**

### 16 अक्टूबर को होगा घेराव-



क्षेत्र के लोगों ने आगामी 16 अक्टूबर, गुरुवार को वन विभाग कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया है। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस नेता संजय नेताम, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टिकम सिंह कपिल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर और अन्य क्षेत्र के लोगों ने बताया कि लगातार वन विभाग से मांग करने के बावजूद इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। हाथियों से सुरक्षा और उचित मुआवजा की मांग को लेकर 16 अक्टूबर, गुरुवार को प्रातः 11 बजे से मैनपुर नगर वन विभाग कार्यालय का घेराव कर उग्र धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा तथा एक रैली भी निकाली जाएगी। इस संबंध में एक ज्ञापन पूर्व में ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपुर को सौंपा जा चुका है।

### त्यौहार में भी डर का माहौल

त्यौहार के समय भी ग्रामीण हाथियों के डर से घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। शाम होते ही घरों के दरवाजे बंद हो जा रहे हैं और कई परिवार बारिश के इन दिनों में छतों के ऊपर रात गुजारने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों को फसल क्षति का पर्याप्त मुआवजा नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। हाथियों के आतंक से त्रस्त होकर अब क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन विभाग कार्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया है। किसान संघर्ष समिति की पिछली बैठक में किसानों ने फसल क्षति प्रदान करने और जानमाल की हानि पर 1 करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की थी।







प्रस्तुति : श्याम किशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, राजिम, मो. 7987124123 लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली पर बेहतरीन आकर्षक, रंगीन विज्ञापन के लिए संपर्क करें